उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 31.08.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## जिलाधिकारी महोबा व पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा ऐतिहासिक कजली मेला एवं जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत ड्यूटी में नामित पुलिस/प्रशासनिक अधिकारियों की ब्रीफिंग की गयी, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।

ऐतिहासिक कजली महोत्सव के दौरान जनपद में अचूक एवं त्रुटि रहित सुरक्षा उपलब्ध कराये जाने हेतु आज दिनांक 31.08.2023 को कीरत सागर अवस्थित कार्यक्रम स्थल पर जिलाधिकारी महोबा श्री मनोज कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता की संयुक्त अध्यक्षता में कजली मेला महोत्सव को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस/प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ब्रीफिंग कर डयूटी में लगे अधिकारियों/कर्मचारियों को डयूटी सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



कजली मेला महोत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने के लिये पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के नेतृत्व/निर्देशन पर सुरक्षा के व्यापक स्तर पर पुलिस व्यवस्थापन किया गया है, सुरक्षा को अचूक बनाये रखने के लिये सादे वस्त्रों (एल.आई.यू.) में पुलिस बल को तैनात किया गया है, इसके अतिरिक्त विभिन्न परिस्थितियों के लिये **Quick response team (QRT)** गठित की गयी है जो एलर्ट मोड में रहेंगी साथ ही पर्याप्त संख्या में पुलिस बल को रिजर्व के रुप में भी रखा गया है, कार्यक्रम के दौरान अग्नि सुरक्षा से बचाव हेतु उच्च क्षमता वाले फायर टेण्डर को एलर्ट मोड में रखा जायेगा, इसके अतिरिक्त जनपद में याताताय व्यवस्था हेतु आयोजन स्थल के आस-पास सुरक्षा के दृष्टिगत यातायात डायवर्जन किया गया है, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं त्रुटिरहित बनाये रखने हेतु यातायात पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों की ड्यूटी महत्वपूर्ण प्वाइंटो में लगायी गयी है।

ब्रीफिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके ड्यूटी प्वाइंट्स व उन प्वाइंट्स की संवेदनशीलता के विषय में आवश्यक जानकारियां प्रदान कर ब्रीफ किया गया, निर्देशित किया गया कि सभी सतर्क रहें, अवांछनीय गतिविधि वाला कोई भी व्यक्ति आपकी नजर से बचना नहीं चाहिये, सभी अधिकारी/कर्मचारी एक-दूसरे से समन्वय बना के रखें, जो भी कमियां पायी जाये उनसे उच्चाधिकारियों को तत्काल अवगत कराते हुये उन कमियों को दुरस्त कराना सुनिश्चित करेंगे, सभी अधिकारी/कर्मचारी जनता से मधुर व्यवहार करेंगे कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की किसी भी स्तर पर पायी गयी लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद में नियुक्त एवं उ0प्र0 पुलिस परिवार में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले 03 उपनिरीक्षकों को पुष्पगुच्छ/मोमेन्टों प्रदान कर दी गई भावुक विदाई।

आज दिनांक 31.08.2023 को श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले 03 उपनिरीक्षकों की यादगार विदाई हेतु पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया, उ0प्र0 पुलिस सेवा से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा उनके परिवारीजनों की उपस्थिति में उनको स्मृति चिन्ह/शॉल, उपहार व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया एवं पुलिस सेवा में रहते हुये उनके द्वारा किये गये सराहनीय सेवाओं को याद करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य, सुखमय जीवन व उनके उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनों के साथ भावुक विदाई दी गयी।




### सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों का विवरण...

1. उ0नि0 श्री मसऊद अली
2. उ0नि0 श्री नरोत्तम सिंह
3. उ0नि0 श्री अक्षय पाल




उक्त विदाई समारोह के अवसर पर सुश्री हर्षिता गंगवार क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्री उमेश चन्द्र क्षेत्राधिकारी चरखारी, श्री शिवकुमार प्रतिसार निरीक्षक सहित सेवानिवृत्त हुये पुलिसकर्मियों के परिवारीजन मौजूद रहे।

## थाना कबरई की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार:-

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु अवैध शस्त्रों की बिक्री एवं उनके निर्माण में प्रभावी रोकथाम व ऐसे अपराधों में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के अनुपालन में श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक व श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 31.08.2023 को श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई द्वारा गठित की गयी उ.नि. रमाकान्त शुक्ल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान थाना कबरई क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बबेड़ी के पास से एक नफर अभियुक्त राजाभइया पुत्र दिविया यादव उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम कौहारी थाना कबरई जनपद महोबा को हिरासत में लिया गया, अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना कबरई में मु0अ0सं0 229/2023 धारा 3/25 ए एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया तथा नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-**

1. उ0नि0 रमाकान्त शुक्ल
2. कां0 नरेन्द्र बाबू

**गिरफ्तार अभियुक्त:-**

राजाभइया पुत्र दिविया यादव उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम कौहारी थाना कबरई जनपद महोबा

**बरामद सम्पत्ति:-**01 अदद देशी तमंचा व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज

**अपराधिक इतिहास अभियुक्त**

1. मु0अ0सं0 122/19 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना कबरई
2. मु0अ0सं0 222/20 धारा **323/336/504** भादवि व **3(1)(घ), 3(1)(द), 3(2)(va)** एससी / एसटी एक्ट थाना कबरई



# थाना चरखारी पुलिस टीम ने 02 वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार ।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री उमेश चन्द्र के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी श्री गणेश कुमार द्वारा टीम का गठन किया गया। जिसमें उ0नि0 विनोद कमार सिंह द्वारा दिनांक 15.08.2023 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 156/23 धारा 304/323/504/506/34 भादवि से सम्बन्धित 02 नफर वांछित अभियुक्तगण 1. उदयभान यादव पुत्र राजाराम यादव उम्र 70 वर्ष 2. अभिषेक यादव पुत्र जाहिर यादव उम्र 19 वर्ष निवासीगण ग्राम रिवई थाना चरखारी जनपद महोबा को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. उदयभान यादव पुत्र राजाराम यादव उम्र 70 वर्ष
2. अभिषेक यादव पुत्र जाहिर यादव उम्र 19 वर्ष निवासीगण ग्राम रिवई थाना चरखारी जनपद महोबा

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 विनोद कमार सिंह 2.उ0नि0 हरिशंकर यादव
3.हे0का0 प्रदीप कुमार 4. का0 पवन कुमार थाना चरखारी जनपद महोबा



## थाना कबरई की पुलिस टीम ने अवैध सूखे गांजे के साथ 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार:-

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु अवैध मादक पदार्थों में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 31.08.2023 को श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक व श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई द्वारा गठित की गयी उ0नि0 सर्वेन्द्र सचान के द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर 02 नफर अभियुक्तगण 1. शिवराम अहिरवार पुत्र बद्री अहिरवार उम्र करीब 26 वर्ष 2. बरदानी वर्मा पुत्र रामकिशोर वर्मा उम्र करीब 18 वर्ष को पाण्डेय पुलिया कस्वा व थाना कबरई से गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 250-250 ग्राम सूखा गांजा नाजायज बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 230/2023 व 231/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया, बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 सर्वेन्द्र सचान 2. हे0कां0 खूबचन्द्र वर्मा 3. कां0 अवनेश कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.शिवराम अहिरवार पुत्र बद्री अहिरवार उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम रामकोट थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

2. बरदानी वर्मा पुत्र रामकिशोर वर्मा उम्र करीब 18 वर्ष निवासी मुहल्ला अम्बेडकर नगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा



महोबा पुलिस